एक नजर में

दो युवकों द्वारा मध्य रात में मोटरसाईकिल चोरी का प्रयास किया

झाबुआ। शहर के कमला नेहरू मार्ग में उमेश सोलंकी के निवास के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाईकिल को अज्ञात दो युवक तेज बारिश में छाता लेकर आए और बाईक का लॉक तोड़कर चोरी के प्रयास किए, लेकिन बाईक चेन (साकल) से भी बंधी होने से चेन नहीं तोड़ पाने से चोरी करने में असफल होकर पुन: लौट गए। यह घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद उमेश के भाई विक्की द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाने पर मय सीसीटीव्ही फुटेज के आवेदन देकर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना दरम्यान रात करीब 1.15 बजे की है। जिसमें बारिश के दौरान छाता लेकर दो युवक आए और उमेश सोलंकी के घर के बाहर खड़ी यामाहा मोटरसाईकिल क्रमांक जीजे-06-एनसी-8644 को इन युवकों ने चोरी करने के प्रयास किए। जिसमें मोटरसाईकिल का लॉक तो छाते की मद्द से एवं हेंडल को बार-बार हिलाकर तोड़ दिया गया और बाईक को स्टार्ट भी कर दिया, लेकिन जब उनकी नजर मोटरसाईकिल पर लगी चेन (साकल) पर पड़ी, तो साकल नहीं तोड़ पाने से घबराहट के चलते मोटरसाईकिल को वहीं छोड़कर फरार हो गए।

सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई वारदात- उमेश ने बताया कि यह घटना समीप रहने वाले सुभाषचन्द्र दुबे के निवास के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दो युवक मोटरसाईकिल चोरी के प्रयास करते हुए दिख रहे है। उल्लेखनीय है कि शहर में मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं में पिछले कुछ समय में इजाफा हुआ है। मोटरसाईकिल चोर गिरोह सक्रिय होकर रात्रि में गली-मौहल्लों में रखे दो पहिया वाहनों को चोरी करने के सत्त प्रयास किए जा रहे है। जिसमें यह ताजा घटनाक्रम शामिल है।

इनका कहना है- कमला नेहरू मार्ग में बाईक चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपी युवकों को सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पकड़ लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रहीं है।

- आरसी भास्करे, थाना प्रभारी, पुलिस थाना झाबुआ

कैबिनेट मंत्री ने नि:शुल्क शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर की शुरुआत

झाबुआ। प्रदेश में राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय संस्था में रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित के उपचार के दौरान मृत्यु उपरांत मृतक को निवास स्थल, शमशान घाट तक नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शव वाहन सेवा का संचालन प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के समस्त 19 चिकित्सा महाविद्यालयों वाले जिलों में 4 तथा शेष 37 जिलों के जिला चिकित्सालयों हेतु 2 के मान से कुल 148 शव वाहनों का आवंटन किया गया है। झाबुआ जिले को आवंटित दो शव वाहनों को कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने हरी झंडी दिखाकर नि:शुल्क शव वाहन सेवा को प्रारम्भ किया गया। इस दौरान कलेक्टर नेहा मीना, जिपं सीईओ जितेन्द्र सिंह चौहान एवं सहायक कलेक्टर आशीष कुमार उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस बघेल शव वाहन में उपलब्ध समस्त सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 108 पर कॉल करके नि:शुल्क शव वाहन की सुविधाएं ली जा सकती है। योजना का उद्देश्य योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी दुर्घटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को सम्मानपूर्वक अपने परिजनों को सुपुर्द कर नि:शुल्क उनके निवास स्थल तक पहुंचाना है। योजना हेतु निर्धारित पात्रता- परियोजना अंतर्गत शव वाहन द्वारा शासकीय अस्पताल से मृतक के निवास स्थल, शमशान घाट तक नि:शुल्क परिवहन किये जाने हेतु पात्रता निर्धारित है। जिसके तहत शव वाहन का संचालन केवल जिले की सीमा के अंदर किया जाये। विभाग द्वारा शव वाहन संचालन राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय चिकित्सा संस्थानों में हुई मृत्यु के प्रकरणों में उपयोग किया जाये। निजी चिकित्सालयों, निवास स्थल एवं अन्य किसी भी स्थान में हुई मृत्यु के प्रकरण में शव वाहन उपलब्ध कराये जाने की पात्रता नहीं होगी। योजना का क्रियान्वयन- समस्त शव वाहन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अथवा जिला अस्पताल में तैनात होंगे एवं जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की निगरानी एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अथवा जिला अस्पताल के अतिरिक्त अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्था में हुई संस्थागत मृत्यु के प्रकरण में मृतक के परिवहन हेतु संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवश्यकता अनुसार जिला चिकित्सालय, चिकित्सा महाविद्यालय से संपर्क कर शव वाहन उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिला चिकित्सालय, चिकित्सा महाविद्यालय में उपचार के दौरान मृत्यु के प्रकरण में मृतक को शव वाहन से परिवहन हेतु संबंधित स्वास्थ्य संस्था के नोडल द्वारा उक्त संस्था में तैनात शव वाहन को मृतक के परिवहन हेतु उपलब्ध कराया जा सकेगा। प्रत्येक प्रकरण में शव वाहन के चालक द्वारा मृतक के परिवहन हेतु संबंधित शासकीय स्वास्थ्य संस्था से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा। उक्त जिम्मेदारी जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन अथवा चिकित्सा महाविद्यालय के नोडल की होगी। शव वाहन 24झ7 संचालित होंगे जिसमें प्रत्येक समय एक वाहन चालक की उपस्थिति आवश्यक होगी।

झाबुआ के राजा की 15 फिट की प्रतिमा बड़ौदा में हो रहीं तैयार

झाबुआ। शहर के कस्तूरबा मार्ग में प्रतिवर्ष झाबुआ का राजा (जेकेआर) ग्रुप द्वारा झाबुआ के राजा की भव्य प्रतिमा की स्थापना कर गणेश महोत्सव वृहद स्तर पर मनाया जाता है। इस वर्ष जेकेआर ग्रुप 18वां गणेश महोत्सव मनाने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां करीब एक माह पूर्व से ही शुरू हो चुकी है। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। गणेश महोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। जेकेआर ग्रुप के सदस्य जितेन्द्र पंचाल ने बताया कि झाबुआ के राजा की प्रतिमा बड़ौदा (गुजरात) में तैयार हो रहीं है। इस प्रतिमा की ऊंचाई करीब 15 फिट रहेगी। झाबुआ के राजा के दरबार में दर्शन के लिए भक्तजन वर्षभर इंतजार करते है।

उद्यमिता विकास हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

धार. आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत धामनोद धार द्वारा उद्यमिता विकास हेतु 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीड बैंक मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया धार श्री संजय सोनी जी (स्थरू) की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया । संकुल प्रबंधक हेमन्त खैरनार द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी साझा की गई । कार्यक्रम में धरमपुरी ब्लॉक के अलग अलग गांव से आए उद्यमियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया , जो अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहते है व ऐसे उद्यमी भी शामिल हुए जिन्होंने अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर लिया है । सभी ने अपना अपना अनुभव साझा किया । आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) सेंधवा से कार्यक्रम विशेषज्ञ देवराम यादव द्वारा उद्यमियों को संबोधित करते हुए संस्था के उद्देश्य के साथ साथ उद्यमिता के विकास में किस प्रकार से हम कार्य कर रहे हैं। स्वालंबन उद्यमिता विकास परियोजना (स्श्वष्टक्क) सिडबी बैंक के संयुक्त परियोजन से आगामी समय में किस प्रकार हम अति गरीब बेरोजगारों को मदद कर सकते है । जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय सोनी जी (स्थरू) धार के द्वारा वित्तीय साक्षरता, बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। संस्था की ओर से विकास संगठक महेंद्र यादव, अंजू गोस्वामी, रोहित तिवारी, अरुण चौहान व हेमेंद्र, खन्ना, गणेश, सागर उपस्थित रहे ।

इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट को लेकर केंद्रीय मंत्रियों की बैठक

धार। विगत दिनों नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव से केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार-महू लोकसभा सांसद सावित्री ठाकुर ने इंदौरङ्कदाहोद रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सोनगढ़ङ्कअमझेरा खंड के लिए वन विभाग की अनुमति शीघ्र प्रदान करने का निवेदन कर अन्य जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जिससे कार्य में गति आ सके।

साथ ही लोकसभा क्षेत्र के खेतों में घोड़ा रोज़ के झुंडों द्वारा फसलों को हो रहे नुकसान की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी आग्रह

किया, ताकि किसानों को राहत मिल सके। ये पशु 40-50 की संख्या के झुंड में खेतों में घुसकर खड़ी सोयाबीन, मक्का, चने, गेहूँ और अन्य फसलों को नष्ट कर रहे हैं।

इन्ही पशुओं के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों तथा स्थानीय सड़कों पर निरंतर दुर्घटनाएं हो रही है जिसके कारण जान-माल की हानी हो रही है। यह समस्या वर्षों से चली आ रही है और अब विकराल रूप धारण कर चुकी है। किसान दिन-रात पहरा देने को विवश हैं, जिससे उनकी आर्थिक, मानसिक और शारीरिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए किसानों के हित में उचित कार्रवाई हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपया करें। उक्त जानकारी संजय शर्मा ने दी।

सेवानिवृत्त सम्मान समारोह हुआ प्रान्तीय अध्यक्ष वर्मा शामिल हुए

सरदारपुर। गुरुवार को जिला मुख्यालय धार में मप्र पशु सहायक क्षेत्र चिकित्सा अधिकारी संघ परिवार द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी कैलाशचन्द्र चौहान खलघाट, पूर्व उपसंचालक अधिकारी डॉ सुनील कुमार मोदी के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा सहायक क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष बीएस वर्मा भोपाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष पंकज पांडे, वर्तमान उपसंचालक डॉ राकेशसिंह सिसोदिया, महामंत्री सीपीएस ठाकुर, अशोक मालवीय और राठौर मंचासिन थे। सहायक पशु क्षेत्राधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज कटारे सरदारपुर ने बताया कि अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त मोदी एवं चौहान का सम्मान करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनके सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए अपने विचार रखे गए। साथ ही सभी जिले स्तर संघ के पदाधिकारी अधिकारीयो को धैर्य और लगनता के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष कटारे ने बताया कि कार्यक्रम में जिले स्तर से जिला सचिव सुरेश मकवाने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश पाटीदार, मातृशक्ति उपाध्यक्ष दीपमाला अलावा, और जिले की समस्त तहसील ब्लॉक के अध्यक्ष सचिव और सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर जिला सचिव सुरेश मकवाने ने आभार माना।

कावड़ यात्रा के समापन में पूज्य साध्वीजी भगवंत रहेंगे उपस्थित

धर्म रक्षा समिति ने दिया आमंत्रण

टांडा नि प्र प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्म रक्षा समिति टांडा के द्वारा कावड़ यात्रा कोटेश्वर मेघनाथ घाट से टांडा तक निकाली जा रही है जिसमें टांडा क्षेत्र के एक हजार से भी अधिक कावड़ यात्री मेघनाथ घाट से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर टांडा आते हे तथा टांडा ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा भोलेनाथ पर जल से अभिषेक करते हे पश्चात कावड़ यात्री नगर के विभिन्न मोहल्ले से कतार बद्ध निकलते हे ग्राम वासी पुष्प वर्षा से कावड़ यात्री का स्वागत करते हे कावड़ यात्रा का समापन प्रबुद्ध जनों के उदबोधन के बाद सहभोज के साथ होता हे ।

टांडा जैन आराधना भवन में तत्व चिंतन चातुर्मास हेतु पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा के पट्टधर धर्म दिवाकर श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सूरीजी महाराज सा के आज्ञानुवर्ती पूज्य साध्वी श्री तत्वलता श्री जी आदि ठाणा 4 विराजित हे टांडा धर्म रक्षा समिति से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के धार विभाग संघचालक भूपेंद्र जी कसेरा टांडा खंड संघचालक अजय माहेश्वरी , सुभाष पाटीदार ,बाल किशन अलोनिया प्रकाश चौधरी , अरुण गोराणा, रौनक अग्रवाल , शुभम गादिया आदि ने जैन आराधना भवन में विराजित पूज्य साध्वी जी से कावड़ यात्रा समापन 4 अगस्त सोमवार को उपस्थित रहकर प्रेरक प्रवचन से कावड़ यात्रियों को मार्गदर्शित करने का निवेदन किया । भूपेंद्र जी कसेरा अजय जी माहेश्वरी ने पूज्य साध्वी जी भगवंत से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष होने पर संघ द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पो पर विस्तृत चर्चा की पूज्य साध्वीजी भगवंत ने कहा की कोई भी संगठन अनुशासन के बिना नही चल सकता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अनुशासन तो अपने आप में श्रेष्ठ और सर्व मान्य हे समरसता का भाव ही संघ को नई ऊंचाई तक ले जाता हे संघ के 100 वर्ष होना गर्व की बात हे पूज्य साध्वी जी ने समय अनुकूलता अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित रहने की स्वीकृति प्रदान की संघ के सदस्यों का परिचय हर्षित कोठारी ने करवाया जैन श्री संघ तथा चातुर्मास समिति की ओर से सुशील जी गोठी ने संघ के पदाधिकारी तथा धर्म जागरण समिति सदस्यो का तिलक माला से बहुमान किया संचालन जैन श्रीसंघ के कोषाध्यक्ष पारस हरण ने किया जैन संघ के अध्यक्ष पारस जैन भाजपा के नगर अध्यक्ष प्रदीप गादिया सुरेश कोठारी रतन नखेत्रा पारस हरण विनय बाफना सुशील गोठी जितेंद्र जैन निर्मल श्रीश्रीमाल हर्षित कोठारी सपन लोढ़ा आदि उपस्थित थे

विधायक हनी बघेल के नेतृत्व में आज निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी होंगे शामिल

कुक्षी। धर्म सेवा संगठन के संरक्षक प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी विधायक, पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेंद्रसिंह हनी बघेल के नेतृत्व में विशाल कावड़ यात्रा आज रविवार को प्रसिद्ध तीर्थ कोटेश्वर से कुक्षी कावड़ यात्रा निकाली जाएगी।इसमें क्षेत्र के बा?ी संख्या में कावा?यों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी भी शामिल रहेंगे.विधायक सुरेंद्रसिंह हनी बघेल ने बताया कि धर्मसेवा संगठन द्वारा निकाली जाने वाली इस भव्य और ऐतिहासिक कावड़ यात्रा का यह तीसरा वर्ष है जिसमें प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ सर्व जन कल्याण की भावना के साथ निकाली जाती रही है । विधायक बघेल ने कुक्षी विधानसभा के सभी शिवभक्तों से अनुरोध किया हे कि अधिल से अधिक संख्या में कावड़ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

बागेश्वरधाम पदयात्री श्यामपुर पहुंचे विधायक ग्रेवाल ने किया स्वागत

सरदारपुर। सरदारपुर से बागेश्वर धाम के लिए रवाना हुए पदयात्री पूर्व नपं अध्यक्ष बृजेश ग्रेवाल, गोपाल गेंदर, अम्बाराम डिन्डोर शुक्रवार को श्यामपुर भोपाल पहुंचे। विधानसभा सत्र के चलते सरदारपुर क्षेत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल भोपाल है। इस दौरान जब पदयात्रीयो की खबर विधायक ग्रेवाल को लगी तो वे भोपाल से 42 किलोमीटर दूर श्यामपुर नगर पहुंचकर पदयात्रीयो का स्वागत किया, यात्रा ध्वज का पूजन करने के पश्चात पदयात्रीयो की यात्रा आगे बढाई गई। विधायक ग्रेवाल के साथ निजी सचिव प्रेम नारायण मंडलोई, गनमेन सेंगर साथ थे। गौरतलब है कि पदयात्री चित्रकूट अयोध्या और बागेश्वरधाम पहुंचकर कथावाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री को भागवत भेंटकर सरदारपुर पधारने का आग्रह करेंगे।

एक नजर — जनपद पंचायत सीईओ सरदारपुर को आवेदन देकर अपनी राशि डलवाने की मांग की

कपिलधारा कूप भुगतान न मिलने पर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में की शिकायत

सरदारपुर । ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार पर चरम पर है, ना कोई देखने वाला है ना सुनने वाला है जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान विकास तो ऐसा हो रहा है जैसे कि विकास खुद पागल हो गया हो मामला जनपद पंचायत सरदारपुर का, हे सहायक सचिव मेहरबान की मेहरबानी नहीं हो रही लाभार्थी पर हर योजना में जिम्मेदारों द्वारा, बिना लेनदेन के काम नहीं करते हैं जैसा सरकार उन्हें तंखा देती ही नहीं मामला है ग्राम पंचायत बालौदा का जनपद पंचायत सरदारपुर कपिलधारा कुवै का कार्य पूर्ण होने पर भी राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है जब लाभार्थी कालू सिंह पिता माल सिंह मावी को राशि नहीं डालने पर जनसुनवाई में शिकायत की तो ग्राम पंचायत सचिव, राकेश को पता चलने पर जब लाभार्थी ने सचिव से संपर्क किया, कपिलधारा कुवैत का कार्य पूर्ण हो गया है मुझे राशि डाल दो सचिव ने कहा कि, और दो-चार बार शिकायत कर उसके बाद डालेगी राशि जिसको लेकर लाभार्थी ने अनु विभाग की अधिकारी सरदारपुर जनपद पंचायत सीईओ सरदारपुर को आवेदन देकर अपनी राशि डलवाने की मांग की है हम आपको बता दें कि कपिलधारा कुवै की राशि जो मजदूरी में डाल जाती है वह राशि संबंधित के मजदूरों

को 242 डालते हैं और फर्जी वाडे जिसकी हाजरी भरी जाती है, उसकी मजदूरी की राशि 262 रुपए डाले जाते हैं लाभार्थी का कुआं बनकर तैयार हो गया है पानी से फूल भरा हुआ है मुंडेर नहीं बनने से उसमें गाय बैल बकरी बच्चे गिरने का डर बना हुआ है, साहूकार से कर्ज लेकर कुआं बनाया है जिसे भुगतान करना है जो बार-बार हमें परेशान कर रहा है मुझे राशि मंत्र 59000 अभी तक दिए गए हैं मैं जिस ठेकेदार को ठेका दिया है वह भुगतान के लिए मुझे बार-बार परेशान कर रहा है बात तो ठीक है कार्य के बाद रुपए देना अनिवार्य है

सरदारपुर तहसील की कई पंचायत में योजना को लेकर गड़बड़ी चल रही है यहां पर विकास की गंगा बहाने में कसर नहीं छोड़ रहे हैं कई नेता तो ठेकेदार बन गए हैं विकास की आड़ में भ्रष्टाचार कर रहे हैं पंचायत में हर योजना में बिना लेनदेन के कोई भी कार्य नहीं हो रहा है इसके जिम्मेदार उच्च अधिकारी भी हैं जिनकी मॉनिटरिंग का यह नतीजा है आखिर क्यों कोई भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं होती जिसकी सजा लाभार्थी को भुगतना पड़ती है, जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या बताने पर भी क्यों निराकरण नहीं हो पता है जिसकी सजा लाभार्थी को भुगतना पड़ती है जिससे लाभार्थी को खुलेआम सचिव कहता है कि एक बार नहीं चार बार शिकायत कर उसके बाद भुगतान होगा क्या है अब क्या कार्रवाई होती है देखना है।